प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 05.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रभारी यातायात द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान, वाहन चालकों को पढाया यातायात नियमों का पाठ...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक 05.09.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट/शीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/शीटबेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया।

इसी क्रम में शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए । यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 05.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फरियादियों को आश्वस्त करते हुए सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश...

आज दिनांक 05.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया, जिससे फरियादियों के चेहरे में सम्बन्धित शिकायत के जल्द निस्तारण होने की उम्मीद दिखाई दे रही थी। सभी फरियादियों ने आश्वस्त होकर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 05.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के साथ "बुन्देलखण्ड पूर्व सैनिक एसोसिएशन" के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई शिष्टाचार भेंट, जनसहयोग संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर किया विचार-विमर्श।

आज दिनांक 05.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में "बुंदेलखंड पूर्व सैनिक संगठन" के पदाधिकारियों द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई है।

इस दौरान पूर्व सैनिकों द्वारा सेवानिवृत्त होकर सेना के त्याग, बलिदान, समर्पण, निष्ठा एवं अन्य अनुभवों से साथ जनमानस के लिए जनसहयोग किये जाने सम्बन्धी विभिन्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया है। बताया गया कि पूर्व सैनिकों द्वारा इस सैनिक एसोसिएशन को रजिस्टर्ड कराया गया है, जिसका उद्देश्य है कि जनपद महोबा के जनमानस के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आपदा की स्थिति में सहयोग कर सकें।

इस दौरान प्रभारी एलआईयू राजीव कान्त, पीआरओ/प्रभारी मीडिया सेल अरविन्द सिंह गौर सहित पूर्व सैनिक मोहन सिंह, डी.डी. यादव, हुकुम सिंह, हरनाम सिंह, बलवीर सिंह, दशरथ, गिरजा शंकर, जगदीश गौतम, राजा भैया, देशराज, लखन सिंह, जय सिंह, गजेंद्र सिंह, राजेंद्र गुप्ता, राकेश, अमरचंद राजपूत, इंद्रपाल, अमित कुमार, रामजी राजपूत, जैनेंद्र सिंह, बृज गोपाल तिवारी, महेश, रविंद्र सिंह इत्यादि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।






## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 05.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 विकासधर दूबे व का0 पंकज सरोज द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 57/24 धारा 363/366/376(3) भादवि व 6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रोहित अहिरवार पुत्र रामप्रसाद उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बेन्दो थाना पनवाडी जनपद महोबा को सेलामाफ मोड ननौरा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

रोहित अहिरवार पुत्र रामप्रसाद उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बेन्दो थाना पनवाडी जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 विकासधर दूबे
2. का0 पंकज सरोज



## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 05.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपाहड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री मनीष पाण्डेय द्वारा गठित की गई उ0नि0 संजय सिंह चौकी प्रभारी नगाराघाट के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.भूरा उर्फ हरिकिशन पुत्र परमेश्वरी दयाल राजपूत उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कुल्हैंडा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर 2.सुनील राजपूत पुत्र राजेन्द्र कुमार उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मो0 अतरौलिया कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर जिनके कब्जे से 01-01 अदद तमंचा 315 बोर व 01-01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए भिन्न-भिन्न स्थानो से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 215/24 व मु0अ0सं0 216/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.भूरा उर्फ हरिकिशन पुत्र परमेश्वरी दयाल राजपूत उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कुल्हैंडा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर
2.सुनील राजपूत पुत्र राजेन्द्र कुमार उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मो0 अतरौलिया कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 संजय सिंह चौकी प्रभारी नगाराघाट
2. का0 गौरव सबिता
3. का0 सुदयवीर






## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मा0 उपराष्ट्रपति महोदय, भारत गणराज्य के जनपद चित्रकूट आगमन एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद महोबा से वीवीआईपी डियूटी हेतु नामित समस्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारीगणों की पुलिस लाइन महोबा में ब्रीफिंग की गई, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 05.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद चित्रकूट में मा0 उपराष्ट्रपति महोदय, भारत गणराज्य के भ्रमण एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान जनपद महोबा में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु नामित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग पुलिस लाइन महोबा में की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित पुलिस बल को डियूटी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं जिससे कार्यक्रम को निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 07.09.2024 को जनपद चित्रकूट अवस्थित जगदगुरु दिव्यांग विश्वविद्यालय में ऋषि पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में मा0 उपराष्ट्रपति जी, भारत गणराज्य श्री जगदीप धनखड़ जी, मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग किये जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद महोबा से 01 अपर पुलिस अधीक्षक, 01 क्षेत्राधिकारी, 09 निरीक्षक, 28 उ0नि0, 70 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 03 यातायात पुलिस, 03 एलआईयू के कर्मचारियों को नामित किया गया है।

इस दौरान नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, पीआरओ/प्रभारी मीडिया सेल श्री अरविन्द सिंह गौर सहित वीवीआईपी ड्यूटी में नामित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।





## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 05.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 रामकृष्ण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त रूप सिंह उर्फ गुद्दा पुत्र रामपाल यादव उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम अकठौंहा थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 208/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रूप सिंह उर्फ गुद्दा पुत्र रामपाल यादव उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम अकठौंहा थाना चरखारी जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 रामकृष्ण तिवारी
2. का0 चन्दन पांचाल

